कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगे भजन लिरिक्स

कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगे,
लताओं में बृज की गुजारा करेंगे,
कहीं तो मिलेंगे वो बांके बिहारी,
उन्ही के चरण चित लगाया करेंगे,
कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगें,
लताओं में बृज की गुजारा करेंगे।bd।

बनाकर हृदय में हम प्रेम मंदिर,
वहीँ उनको झूला झुलाया करेंगे,
कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगें,
लताओं में बृज की गुजारा करेंगे।bd।

उन्हें हम बिठाएंगे आँखों में दिल में,
उन्ही से सदा लौ लगाया करेंगे,
कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगें,
लताओं में बृज की गुजारा करेंगे।bd।

जो रूठेंगे हमसे वो बांके बिहारी,
चरण को पकड़ हम मनाया करेंगे,
कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगें,
लताओं में बृज की गुजारा करेंगे।bd।

उन्हें प्रेम डोरी से हम बाँध लेंगे,
तो फिर वो कहाँ भाग जाया करेंगे,
कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगें,
लताओं में बृज की गुजारा करेंगे।bd।

उन्होंने छुड़ाए थे गज के वो बंधन,
वही मेरे संकट मिटाया करेंगे,
कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगें,
लताओं में बृज की गुजारा करेंगे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

उन्होंने नचाया था ब्रम्हांड सारा,
मगर अब उन्हें हम नचाया करेंगे,
कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगें,
लताओं में बृज की गुजारा करेंगे।bd।

भजेंगे जहाँ प्रेम से नन्द नंदन,
कन्हैया छवि को निहारा करेंगे,
कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगें,
लताओं में बृज की गुजारा करेंगे।bd।

कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगे,
लताओं में बृज की गुजारा करेंगे,
कहीं तो मिलेंगे वो बांके बिहारी,
कहीं तो मिलेंगे वो बांके बिहारी,
उन्ही के चरण चित लगाया करेंगे,
कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगें,
लताओं में बृज की गुजारा करेंगे।bd।

गायक – धरणीधर जी महाराज।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com